दिन– शुक्रवार | दिनांक– 13 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय की नई इमारत–सेवा तीर्थ का किया उद्घाटन।

02 उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – भूमि विवादों के समाधान के लिए अब जिला स्तर पर आयोजित किये जायेंगे भूमि सुधार संवाद कार्यक्रम।

03. परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में पिछले दो महीने में काटे गए एक लाख अड़तालीस हजार से अधिक चालान।

04. और, आज विश्व रेडियो दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को दी शुभकामनाएं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी में स्थित सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन–एक तथा दो का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सेवा तीर्थ आम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि वे विकसित भारत के संकल्प के साथ सेवा तीर्थ में प्रवेश कर रहे हैं।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि भारत आज नये व्यापार समझौते कर रहा है। इससे संभावनाओं के नये द्वार खुल रहे हैं।

–––बाइट–––

---

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों– विधानसभा और विधान परिषद में आज की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। विधानसभा ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, खान और भूतत्व विभाग, नगर विकास और आवास विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, खेल विभाग और पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के बजट को पारित कर दिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भूमि से जुड़े जटिल विवादों के त्वरित

समाधान के लिए अब जिला स्तर पर भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

---बाइट---

श्री सिन्हा ने बताया कि एग्रीस्टैक महाअभियान के तहत अबतक चालीस लाख से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बन गयी है। उन्होंने कहा कि परिमार्जन प्लस पोर्टल के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

---बाइट---

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जमीन से संबंधित जाली दस्तावेजों पर रोक लगाने की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे मामलों में अब अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। इससे पहले, प्रश्नोत्तर काल के दौरान आज मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग और ऊर्जा विभाग से जुड़े मामले पर सरकार का उत्तर हुआ। जदयू के मंजीत कुमार सिंह के एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि अब एएनएम और जीएनएम की परीक्षा नियमित रूप से होगी।

---बाइट---

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूर्णिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन महीने के अंदर आई बैंक की स्थापना कर ली जाएगी।

---

इधर, विधान परिषद में आज एक बार फिर महिला सुरक्षा का मुद्दा उठा। शून्यकाल में राजद की उर्मिला ठाकुर ने पटना के फुलवारीशरीफ में एक छात्रा की मौत का मामला उठाते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। इस पर नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने कहा कि  यह सिर्फ एक हादसा नहीं बल्कि कानून–व्यवस्था की नाकामी का उदाहरण है। नेता प्रतिपक्ष ने महिला शिक्षकों के गृह जिले में स्थानांतरण की भी मांग की।

---बाइट---

परिषद में महिलाकर्मियों को सात सौ तीस दिनों के शिशु देखभाल अवकाश देने का मामला उठा। उत्तर देते हुए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इस मामले में पंद्रह दिनों में अंतिम फैसला हो जाएगा।

---बाइट---

वित्त रहित डिग्री और इंटर कॉलेज के शिक्षकों से जुड़े सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि वित्तरहित कॉलेजों को अनुदान देने में हो रही परेशानी को दूर करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सात दिनों में बैठक होगी। जदयू के रवींद्र सिंह के प्रश्न के उत्तर में खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि विभिन्न प्रमंडलों में नौ खेल गांव बनाए जायेंगे।

———————————————————

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से शुरू होगा, जो दो अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र का पहला चरण अट्ठाईस जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों में संयुक्त अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था।

———————————————————

परिवहन विभाग ने यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में पिछले दो महीनों में एक लाख अड़तालीस हजार से अधिक चालान काटे हैं। इसकी कुल राशि नब्बे करोड़ रुपये से अधिक है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि सबसे अधिक चालान कैमूर जिले में काटे गए। उन्होंने बताया कि रियल टाईम चालान के लिए आने वाले दिनों में एक सौ तीस स्थानों पर कैमरे लगाए जायेंगे। श्री कुमार ने कहा कि चालान जारी करने का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और दुर्घटनाओं को कम करना है।

———————————————————

आज विश्व रेडियो दिवस है। इस वर्ष का विषय है– **"रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं।"** पेश है आकाशवाणी समाचार की ये खास पेशकश...

———रिपोर्ट———

आज विश्व रेडियो दिवस पर चलिए बात करते है कुछ आवाजों की, जिन्होंने श्रोताओं के दिलों में खास जगह बनाई। गाना सुनना हो या समाचार सुनना, स्वर चित्रहार, अच्छी, बुरी सभी सूचनाएं रेडियो से ही मिलती थीं। लाइव मैच की कमेंट्री हो या सरकारी कामकाज, खेती–बाड़ी हो या फिर रोजगार सभी की जानकारी का एक मात्र साधन रेडियो ही था। जाने माने समाचार वाचक देवकीनंदन पांडे का रेडियो के बारे में क्या था कहना आईये सुनते हैं३

हमारी आवाज ही लोगों के कानों तक जाती है, शक्ल दिखलाई नहीं देती, वैसे रेडियो३ की बात आपको बता दें कि अभी इस मुल्क में खत्म नहीं होती। तो वहां तो रेडियो की उतनी ही इम्पोर्टेंस आज भी है, जितनी पहली थी।

बचपन में जब अमीन सयानी का हर दिल अजीज कार्यक्रम 'बिनाका गीतमाला' सुनते तो लगता कि यह आवाज किसी दूसरी दुनिया से आती है।

अब आप बैठक जाइए जल्दी से अपने रेडियो दोस्त अमीन सयानी के साथ, गीत माला की छाव में। आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद अपना पसंदीदा प्रोग्राम 'मन की बात' रेडियो पर करते हैं।

मैं आज रेडियो के माध्यम से आपसे कुछ मन की बातें बताना चाहता हूं। 30 साल से रेडियो सुन रहे हमारे श्रोता देवेन्द्र दास का मानना है कि रेडियो का कोई विकल्प नहीं हो सकता।

मेरा जब से होस संभाला, तब से रेडिया हमारा सबसे प्यारा है। यही हमारी जिंदगी है सब, हम इसी से हम जीते हैं, मरते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि जिन आवाजों ने रेडियो को एक नई पहचान दी है, उन्हें हमेशा यूं इस अवसर पर याद किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए फरहत नाज।

---

विश्व रेडियो दिवस पर, प्रसार भारती और यूनेस्को के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उभरती प्रौद्योगिकियों के बीच रेडियो की बढती भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं, आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन समेत कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह दिवस रेडियो से जुड़े लोगों के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल मुरुगन ने रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए अपने बचपन के दिनों को याद किया।

---बाइट---

हम सब रेडियो दिवस मना रहे हैं। श्रोता रेडियो स्टेशनों को पोस्टकार्ड लिखा करते थे। वे अपनी राय देने और रेडियो स्टेशनों से जुड़ने के लिए पत्र भेजते, ताकि वे अपनी पसंद के कार्यक्रम या गीत सुन सकें। चाहे वह शास्त्रीय संगीत हो, लोकगीत हो या फिल्मी गाने, लोग अपनी पसंद बताने के लिए रेडियो का सहारा लेते थे।

---

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विश्व रेडियो दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। बिहार नेत्रहीन परिषद के महासचिव डॉक्टर नवल किशोर शर्मा ने कहा कि दृष्टि दिव्यांगों के लिए रेडियो संचार का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

---बाइट---

---

पटना की एमपीएमएलए अदालत ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को दो मामलों में जमानत दे दी है। एक मामले में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है। पप्पू यादव के कल जेल से रिहा होने की संभावना है।

---

पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सीबीआई ने पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक से केस डायरी की मांग की है। साथ ही अबतक की जांच रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और सभी संबंधित दस्तावेज तथा सबूत मांग गए हैं।

गौरतलब है कि सीबीआई ने कल इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

---

पूर्णिया और बक्सर व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एहतियात के तौर पर न्यायालय में सभी कामकाज रोककर पूरे परिसर को खाली करा दिया गया और चप्पे–चप्पे की तलाशी ली गयी। कहीं से किसी प्रकार का कोई विस्फोटक नहीं मिला है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी दी जा रही है।

---

गोपालगंज की एक अदालत ने अटल पाण्डेय हत्याकांड में भोरे विधानसभा से माले प्रत्याशी रहे जितेन्द्र पासवान को उम्रकैद और पचास हजा रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

कटिहार जिले के बलिया बेलौन से पुलिस ने एक ट्रक से अठारह मवेशियों को बरामद किया है। मौके से चार तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय की नई इमारत–सेवा तीर्थ का किया उद्‍घाटन।

02 उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – भूमि विवादों के समाधान के लिए अब जिला स्तर पर आयोजित किये जायेंगे भूमि सुधार संवाद कार्यक्रम।

03. परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में पिछले दो महीने में काटे गए एक लाख अड़तालीस हजार से अधिक चालान।

04. और, आज विश्व रेडियो दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को दी शुभकामनाएं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।